सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 17.12.2024

शादी समारोह के दौरान मैरिज होम से मोबाइल व सोने की अंगूठी चोरी करने वाली 01 अभियुक्ता समेत कुल 02 अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से चोरी की गयी 01 सोने की अँगूठी एवं 02 मोबाइल फोन किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 16.12.2024 को वादिनी मन्जू पत्नी विनय कुमार निवासी अजीत नगर थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा द्वारा थाना फ्रेण्डस कालोनी पर लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि दिनांक 23.11.2024 को अज्ञात चोरों द्वारा उनके पर्स से मोबाइल व पैसों को चोरी कर लिया गया था। सूचना पर तत्काल थाना **फ्रेण्डस कालोनी पर मु0अ0सं0 354/2024 धारा 303(2) बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी की हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे दिनांक 17.12.2024 की थाना फ्रेण्डस कालोनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर गस्त की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर मु0अ0सं0 354/24 से संबंधित 01 अभियुक्ता सहित कुल 02 अभियुक्तों को **ऊसर अड्डा अन्डरपास से समय 12.40 बजे गिरफ्तार** किया गया।

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये अभियुक्तों से पुलिस टीम द्वारा नाम-पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 02 मोबाइल एवं 01 सोने की अँगूठी बरामद की गयी। जिनके सम्बन्ध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह मोबाइल व अँगूठी हम लोगों ने दिनांक 23.11.2024 को सगुन वाटिका मैरिज होम से चोरी किये थे।

उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के संबंध मे थाना फ्रेण्डस कालोनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 354/2024 धारा 303(2) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अंशुल पुत्र नीरज कुमार निवासी नगला बावरी थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र 20 वर्ष।
2. 01 अभियुक्ता।

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 354/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 02 मोबाइल **(चोरी किये गये)**
2. 01 सोने की अँगूठी **(चोरी की गयी)**

पुलिस टीमः- उ0नि0 अमित मिश्रा थानाध्यक्ष फ्रेण्डस कालोनी, कृष्ण कुमार, हे0का0 पुष्पेन्द्र कुमार, का0 राजकुमार कुन्तल, म0का0 तृप्ति सिंह।